# डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

## कार्यवृत्त

आज दिनांकः 23.03.2023 को अपराहन 3:00 बजे Research Advisory Committee की बैठक शोध विभाग, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में आहूत की गई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

1. प्रो0 विनीता सिंह, अधिष्ठाता शोध, समाज विज्ञान संस्थान - सदस्य
2. प्रो0 सुगम आनन्द, इतिहास विभाग - सदस्य
3. प्रो0 अजय तनेजा, अधिष्ठाता विज्ञान संकाय - सदस्य
4. प्रो0 अचला गक्खर, अधिष्ठाता होमसाइंस संकाय - सदस्य
5. प्रो0 बी.पी. सिंह, उप अधिष्ठाता शोध, भौतिक विभाग - सदस्य
6. प्रो0 मुहम्मद अरशद, उप अधिष्ठाता शोध, समाजशास्त्र विभाग - सदस्य
7. प्रो0 विपिन कुमार, अधिष्ठाता कृषि संकाय - सदस्य
8. डा0 राजीव वर्मा, उप अधिष्ठाता शोध, समाज कार्य विभाग - सदस्य
9. सहायक कुलसचिव शोध/ अधीक्षक शोध - सदस्य सचिव

निम्नलिखित विषयों पर विचार विमर्श कर अन्तिम निर्णय लिया गयाः-

**बिन्दु संख्या - 01** नई शिक्षा नीति (N E P) आगामी पीएच0-डी0 प्रवेश प्रक्रिया में लागू किये जाने के संदर्भ में विचार करना।

**निर्णय संख्या - 01** समिति द्वारा नई शिक्षा नीति (N E P) आगामी पीएच0-डी0 प्रवेश प्रक्रिया में लागू करने हेतु सर्वसम्मति से संस्तुति की।

**बिन्दु संख्या** - 02 प्री पीएच0-डी0 कोर्सवर्क 2021-22 के शोध छात्रों के निर्देशक एवं शोध उपाधि समिति के संबंध में निर्णय किये जाने पर विचार।

**निर्णय संख्या - 02** पीएच0-डी0 वर्ष 2021-22 कोर्सवर्क के छात्रों के शोध निर्देशकों से सम्बन्धित शोध काउंसिलिंग की प्रक्रिया रिसर्च पोर्टल के माध्यम से किये जाने की संस्तुति प्रदान की।

**बिन्दु संख्या - 03** बाह्य परीक्षकों द्वारा पीएच0-डी0 मूल्यांकन आख्या विभागीय ई मेल पर भेजने के संदर्भ में विचार करना।

**निर्णय संख्या - 03** समिति द्वारा विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि शोध प्रबन्ध की मूल्यांकन आख्या ब्राहय परीक्षकों द्वारा ई मेल पर भेजी जाने वाली आख्या को अधिष्ठाता शोध/उप अधिष्ठाता शोध/सहायक कुलसचिव (शोध) के द्वारा सत्यापित कर स्वीकार की जाने की सर्व सम्मति से संस्तुति प्रदान की।

**बिन्दु संख्या - 04** जे0 आर0 एफ0 रिसर्च स्कॉलर एसोसियेशन के श्री विनय कांत केशरी के प्रत्यावेदन पर जे0 आर0 एफ0 समस्याओं के संदर्भ में विचार करना।

V.G. 23/03/2023

# डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

**निर्णय संख्या - 04** जबतक प्री0 पीएच0-डी0 कोर्सवर्क के निर्देशक तथा शोध केन्द्र के आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती है तबतक प्री0 पीएच0-डी0 कोर्सवर्क के अभ्यर्थी शोध केन्द्र के छात्र ही माने जाने की समिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गई। अतः प्री0 पीएच0-डी0 कोर्स वर्क के समन्वयक जबतक जे0 आर0 एफ0 के शोधार्थीयों को निर्देशक आबंटित नहीं हो जाते तब तक जे0 आर0 एफ0 प्रपत्रों को अग्रसारित करेंगे।

**बिन्दु संख्या - 05** डा0 चन्द्र शेखर सिंह (D.Lit.) के प्रत्यावेदन के अनुसार शोध उपाधि समिति के सम्बन्ध में विचार करना।

**निर्णय संख्या - 05** समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह संस्तुति की गयी कि डी0लिट्0 के समस्त शोध उपाधि समिति की बैठकें अति शीघ सम्पन्न करायी जायें।

**बिन्दु संख्या - 06** श्री ओम पाल सिंह के प्रत्यावेदन के अनुसार रूपरेखा पुनः जमा करने के सम्बन्ध में विचार करना।

**निर्णय संख्या - 06** प्रार्थी दिनाक 18 जून, 2021 की शोध उपाधि समिति की बैठक में सम्मलित हुआ था, जिसमें उसकी शोध रूपरेखा में संशोधन किया गया जिसके अनुसार पुनः संशोधित रूपरेखा जमा की जानी थी, उसकी पत्नी द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने के कारण श्री ओमपाल सिंह द्वारा संशोधित रूपरेखा प्रस्तुत नही की जा सकी। समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि उक्त रूपरेखा को जमा करने की अनुमति आगामी शोध समिति की उप समिति की बैठक में प्रस्तुत की जाय।

**बिन्दु संख्या - 07** प्राचार्या बी0डी0एम0 म्यूनिसिपल कन्या स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, शिकोहाबाद के प्रत्यावेदन के अनुसार शोध केन्द्र के सम्बन्ध में विचार करना।

**निर्णय संख्या - 07** प्राचार्या बी0डी0एम0 म्यूनिसिपल कन्या स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, शिकोहाबाद को वर्ष 2021-2022 के शोधार्थियों हेतु शोध केन्द्र बनाये जाने की समिति द्वारा सर्व सम्मति से संस्तुति प्रदान की।

**बिन्दु संख्या - 08** श्री कुलदीप सिंह एवं श्री राजीव के प्रत्यावेदन के अनुसार बी0 एस0 ए0 कॉलेज, मथुरा के शोध केन्द्र के सम्बन्ध में विचार करना।

**निर्णय संख्या - 08** डा0 ललित मोहन शर्मा, ऐसोसिएट प्रो0 शिक्षा संकाय, आर0 बी0 एस0 कॉलेज, आगरा, बी0 एस0 ए0 कॉलेज, मथुरा प्राचार्य पद पर नियुक्त होने के कारण शोधार्थियों का शोध कार्य सम्पन्न नहीं हो पा रहा है। समिति द्वारा डा0 ललित मोहन शर्मा के निर्देशक प्राचार्य होने के कारण विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय आर0 बी0 एस0 कॉलेज, द्वारा छः माह की प्रगति आख्या सत्यापित कर प्रस्तुत करने की संस्तुति प्रदान की।

यदि शोध निर्देशक अपने शोध केन्द्र से अवकाश लेकर कहीं अन्य सेवारत है तो उस परिस्थिति में शोधार्थी को छः माह की प्रगति आख्या को सन्दर्भित शोध केन्द्र के विभागाध्यक्ष द्वारा अग्रसारित कराकर शोधार्थी प्रगति आख्या जमा करायेंगे।

**बिन्दु संख्या - 09** सुदीप माला, इतिहास विभाग आगरा कॉलेज, आगरा के प्रत्यावेदन के अनुसार शोध प्रबन्ध जमा करने के सम्बन्ध में विचार करना।

**निर्णय संख्या - 09** सुदीप माला इतिहास विभाग, आगरा कॉलेज, आगरा शोधार्थिनी का शोध पबन्ध जमा करने की समिति द्वारा सर्व सम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी।

**बिन्दु संख्या - 10** डा0 राज कुमार वर्मा के प्रत्यावेदन के अनुसार शोध निर्देशक जारी रखने के संदर्भ में विचार करना।

# डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वद्यिालय, आगरा

(पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

**निर्णय संख्या - 10** डा0 राजकुमार वर्मा के प्रत्यावेदन दिनांक 21/04/2022 के अनुसार पूर्व में रिसर्च एडवाइजरी कमेटी दिनांक 30-05-2022 के बिन्दु संख्या 2 में लिए गये निर्णयानुसार डा0 राजकुमार वर्मा प्राचार्य द्वारा आगरा कॉलेज से कितने दिन का अवकाश लिया गया उतने दिन शोध कार्य करा सकेंगे, इसी क्रम में ही पुनः रिसर्च एडवाइजरी कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डा0 राजकुमार वर्मा आगरा कॉलेज, आगरा से प्राचार्य धर्म समाज कॉलेज, अलीगढ़ में नियुक्त होने के कारण अपने अभ्यर्थियों को शोध कराये जाने के संबंध में विभागाध्यक्ष भौतिकी विभाग आगरा कॉलेज आगरा के द्वारा सत्यापित कराकर जमा कराये जाने एवं शोध कार्य कराये जाने की सर्व सम्मति से संस्तुति प्रदान की गई।

**बिन्दु संख्या - 11** कुमारी नीतू गौतम के प्रत्यावेदन के अनुसार प्री0 पीएच0-डी0 कोर्स वर्क तथा ट्यूशन फीस के सम्बन्ध में विचार करना।

**निर्णय संख्या - 11** नीतू गौतम के प्रत्यावेदन दिनांक के द्वारा सत्र 2021-22 के प्री0 पीएच0-डी0 कोर्सवर्क का शुल्क जमा नहीं कर सकी, समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्री0 पीएच0-डी0 कोर्सवर्क का निर्धारि[त] शुल्क जमा कर आगामी प्री0 पीएच0-डी0 कोर्सवर्क करने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की ग[यी]

**बिन्दु संख्या - 12** 2009 के बाद के छात्र-छात्राओं को यू0 जी0 सी0 2009 के नेट पात्रता छूट का प्रमाण पत्र जारी करने पर विचार करना।

**निर्णय संख्या - 12** 2009 के बाद के छात्र-छात्राओं को यू0 जी0 सी0 2009 के नेट पात्रता छूट का प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में संलग्न प्रारूप को निर्गत किये जाने की समिति द्वारा संस्तुति की

(Annexure A

**बिन्दु संख्या - 13** श्री राहुल गिरि, आगरा पुनः प्री0 पीएच0-डी0 में प्रवेश के प्रत्यावेदन के संबंध में विचार करना।

**निर्णय संख्या - 13** श्री राहुल गिरि के पूर्व में प्रत्यावेदन पर समिति ने विचारोंपरान्त यह निर्णय लिया गया कि पूर्व में उक्त छात्र को मा0 कुलपतिजी के अनुमोदन के उपरान्त पर प्रवेश निरस्त कर दिया गया था श्री राहुल गिरि द्वारा प्रत्यावेदन दिया गया कि मेरे प्रवेश को बहाल किया जाय, जिस पर स[मिति] द्वारा पुनः कुलपतिजी से प्रवेश बहाल किये जाने की प्रक्रिया की जाय तथा यदि कुलपतिजी [द्वारा] प्रवेश बहाल किया जाता है तो, निर्धारित शुल्क जमा कर आगामी प्री0 पीएच0-डी0 कोर्सवर्क [की] की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गई।

**बिन्दु संख्या - 14** पंजीकरण आवेदन शुल्क को विश्वविद्यालय के रिसर्च पोर्टल के माध्यम से जमा करने के सम्बन्ध [में] विचार करना।

**निर्णय संख्या - 14** पंजीकरण आवेदन शुल्क को विश्वविद्यालय के रिसर्च पोर्टल के माध्यम से जमा करने तथा पंजी[करण] आवेदन की हार्ड कॉपी रूपरेखा सहित आवेदन पत्र निर्देशक तथा अध्यक्ष/प्राचार्य/निदेशक से अग्रसारित कर शोधार्थयों द्वारा शोध विभाग में जमा किये जाने की सर्वसम्मति से संस्तुति की।

**बिन्दु संख्या - 15** अलका पाण्डेय द्वारा प्री0 पीएच0-डी0 2020 उत्तीर्ण किये जाने के उपरान्त शोध विभाग में पंज[ीकरण] आवेदन पत्र तथा रूपरेखा जमा न किये जाने के संबंध में प्रत्यावेदन के संदर्भ में विचार करना।

**निर्णय संख्या - 15** उक्त के संबंध में सत्र 2021-2022 शोध उपाधि समिति की बैठक में रखने की संमिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की।

**बिन्दु संख्या - 16** मंजू बघेल माननीय उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका संख्या 8626/2023 पर विचार कर[ना]

# डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

**निर्णय संख्या – 16** माननीय उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका संख्या 8626/2023 मंजू बघेल बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि शोधार्थिनी को विशेष परिस्थिति में नये बैच 2022 में से निर्देशक के रूप में डा0 मीना कुमारी, चित्रकला विभाग, आगरा कॉलेज, आगरा को शोध कार्य कराये जाने की एवं शोधार्थिनी को डा0 मीना कुमारी के निर्देशन में शोध कार्य करते हुए एक माह में संशोधित रूपरेखा, संशोधित शोध शीर्षक के साथ शोध विभाग में जमा कराये जाने के लिए दिनांक 25/03/2023 को शोध उपाधि उप समिति की बैठक में स्वीकृत कराए जाने के लिए यह समिति सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान करती है।

| | | |
|---|---|---|
| सहायक कुलसचिव (शोध)<br>सदस्य सचिव | (डा0 राजीव वर्मा)<br>उप अधिष्ठाता शोध | (प्रो0 विपिन कुमार)<br>अधिष्ठाता कृषि |
| M. Arshad 23/03/2023<br>(प्रो0 मौ0 अरशद)<br>उप अधिष्ठाता शोध | (प्रो0 अचला गक्खर)<br>अधिष्ठाता होमसाइंस | 23/3/23<br>(प्रो. बी.पी. सिंह)<br>उप अधिष्ठाता शोध |
| (प्रो. सुगम आनन्द)<br>सदस्य | 23/3/23<br>(प्रो. अजय तनेजा)<br>अधिष्ठाता विज्ञान संकाय | 23/03/2023<br>(प्रो. विनीता सिंह)<br>अधिष्ठाता शोध |